आकाशवाणी श्री विजयपुरम

28.04.2026 समय : 1905

1. सिक्किम के पचासवें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य को पूर्व का स्वर्ग बताते हुए चार हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

2. विशाखापट्टनम में गूगल क्लाउड इंडिया ए आई हब की आधारशिला रखी गई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अब यह नगर ए आई पट्टनम के नाम से जाना जाएगा।

3. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ट्रायबल काउन्सिल और ग्रामीणों से कैम्पबेल बे में मुलाकात के दौरान जमीन और आजीविका के मुद्दों पर चर्चा की।

4. बकुलतला में चार मई से वनवासी कल्याण आश्रम का तीन दिवसीय वनवासी युवा शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने सिक्किम में सम्पर्क और बुनियादी ढांचे में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में राज्य के पचासवें स्थापना दिवस के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने सिक्किम को पूर्व का स्वर्ग बताया प्रधानमंत्री ने राज्य की अपार पर्यटन क्षमता का जिक्र किया। सिक्किम के युवाओं की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने फुटबॉल, मुक्केबाजी और तीरंदाजी जैसे खेलों में बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहल युवाओं को अपनी क्षमताओं को विकसित करने के अवसर प्रदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने देशभर के नागरिकों को सिक्किम घूमने के लिए प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय उत्पादों की खरीददारी का आग्रह किया और 'वोकल फॉर लोकल' पहल की भावना पर बल दिया। उन्होंने सिक्किम के लोगों की असाधारण स्वच्छता की भी सराहना की। पूर्वोत्तर को राष्ट्र की "अष्टलक्ष्मी" बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि चल रही और आने वाली परियोजनाएं इस क्षेत्र के लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पूर्वोत्तर में छह क्रिकेट अकादमियों के साथ–साथ 4 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। डेढ़ हजार से अधिक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत "एकता के 1000 कदम" नामक एक जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुति ने देश की समृद्ध कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने स्थानीय युवाओं के साथ फुटबॉल खेला और गंगटोक के रिज पार्क स्थित ऑर्किडेरियम का दौरा किया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ आज विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया ए आई हब की आधारशिला रखी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, सेमीकंडक्टर उत्पादन, उन्नत चिप डिजाइन और आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के तहत भारत तेजी से एक विश्वसनीय वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण भागीदार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन अब भारत का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद बन गया है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में देश की बढ़ती सामर्थ्य को दर्शाता है। श्री वैष्णव ने विशाखापत्तनम को देश का उभरता हुआ आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि यह शहर जल्द ही "एआई पटनम" के नाम से प्रसिद्ध हो जाएगा।

<><><><><><><>

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने अंडमान निकोबार दौरे के दौरान ग्रेट निकोबार के कैंपबेल बे का दौरा किया। वे आई एन एस बाज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे राजीव नगर स्थित जनजातीय क्षेत्र पहुंचे और वहां के ग्रामीणों, कैप्टन तथा ट्राइबल काउंसिल के सदस्यों से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट से जुड़े भूमि और आजीविका संबंधी मुद्दों को उनके सामने रखा। इसके बाद राहुल गांधी लक्ष्मी नगर पंचायत के

अंतर्गत गांधी नगर गांव पहुंचे, जहां पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने अपनी समस्याएं रखीं। राहुल गांधी ने गांधी नगर के सामुदायिक भवन में सभा को संबोधित किया, जिसमें 200 से अधिक लोग शामिल हुए। दौरे के अंत में वे इंदिरा प्वाइंट पहुंचे, जहां उन्होंने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद – एन सी ई आर टी की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, प्रकाशन और वितरण कार्यों की समीक्षा की। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री प्रधान ने राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों में पुस्तकों की उपलब्धता और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को किताबों की समय से पहुंच सुनिश्चित कराने के लिए राज्य प्रशासन तथा वितरण एजेंसियों के साथ समन्वय का भी जायज़ा लिया। श्री प्रधान ने आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने, छपाई क्षमता बढ़ाने और व्यापक पंहुच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने, पुस्तकों की भौतिक प्रति पंहुचने तक ई–पाठशाला के माध्यम से डिजिटल पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता का भी उल्लेख किया ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

<><><><><><><>

बकुलतला स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में अगले महीने की 4 तारीख तीन दिवसीय आवासीय वनवासी युवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, संगठन कौशल, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति का विकास करना है। शिविर का शुभारंभ 4 मई को शाम 5 बजे होगा। शिविर का समापन 6 मई को सुबह 7 बजे होगा। इसमें 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के बालक और बालिकाएं भाग ले सकते हैं। पंजीकरण और अधिक जानकारी के लिए 9474–200–361 से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पांचवें वर्ष के कार्यकाल के चुनाव के लिए 7 मई को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है।

<><><><><><><>

श्री विजय पुरम स्थित दूरदर्शन केंद्र कल शाम साढ़े पांच बजे से 6 बजे तक 'पेट टॉक–बियॉन्ड द बॉन्ड' नामक लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। इस कार्यक्रम का विषय "हमारे द्वीपों में पशु चिकित्सा सेवाएं" रखा गया है। कार्यक्रम में डॉलीगंज के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नागनाथ मार्तंड भोजने विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रसारण के दौरान फोन नंबर 245–662 या 244–745 पर कॉल करके दर्शक अपने सवाल पूछ सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह की मास्टर वेटरन टेबल टेनिस टीम बत्तीसवीं राष्ट्रीय मास्टर टेबल टेनिस चैंपियनशिप–2026 में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र रवाना हो गई है। यह प्रतियोगिता पुणे में 24 अप्रैल से 4 मई 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें 13 खिलाड़ियों में 11 पुरुष और 2 महिला हैं। टीम अधिकारी एमलुस लकड़ा के नेतृत्व में टीम द्वीपों का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ी 40+, 45+ और 50+ आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। ये सभी प्रतियोगिताएं 30 अप्रैल से 4 मई के बीच होंगी। अनुभवी खिलाड़ियों से की यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। ए एन एस ओ ए की अध्यक्ष जोशना बाला ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की है।

<><><><><><><>